MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -15 मंदसौर, 1 अक्टूबर 2025 बुधवार से 7 अक्टूबर 2025 तक पृष्ठ -4 किमत 2 रू.

# शामगढ़ पुलिस की बड़ी सफलता : 131 किलो डोडाचूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार, ब्रेजा कार जप्त

**यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़**

शामगढ़। जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शामगढ़ पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर 131 किलो डोडाचूरा जब्त किया है। इस दौरान एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके कब्जे से बिना नंबर की लाल रंग की ब्रेजा कार और एक मोबाइल फोन भी जप्त किया गया। जब्त किए गए डोडाचूरा की कीमत करीब 2 लाख 62 हजार रुपये आंकी गई है, वहीं कार की कीमत लगभग 6 लाख रुपये बताई गई है।

**घटना का विवरण**- 29 सितंबर 2025 को उपनिरीक्षक अविनाश कुमार सोनी को सूचना मिली कि एक तस्कर लाल रंग की बिना नंबर की ब्रेजा कार से अवैध डोडाचूरा लेकर मेलखेड़ा से शामगढ़ होते हुए खाईखेड़ा की ओर जाने वाला है। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम ने आशीर्वाद रिसोर्ट के पास कान्हा मांगलिक रोड पर नाकाबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध ब्रेजा कार वहां पहुंची, जिसे रोकने पर चालक ने तेजी से वाहन दौड़ाते हुए सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल और कार को टक्कर मार दी तथा भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस बल ने सक्रियता दिखाते हुए घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा।

पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रहलाद सिंह पिता पूरसिंह सौधिया राजपूत, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम भामखेड़ी थाना गरोठ जिला मंदसौर के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से 6



प्लास्टिक के कट्टों में भरा कुल 131 किलो डोडाचूरा, लाल रंग की ब्रेजा कार और एक रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया।

**जप्त मशरुका**

131 किलो डोडाचूरा, कीमत 2,62,000 रुपये लाल रंग की बिना नंबर की ब्रेजा कार, कीमत 6 लाख रुपये रियलमी कंपनी का एंड्रॉइड मोबाइल, कीमत 10,000 रुपये

**मामला दर्ज**

थाना शामगढ़ पर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 372/25 धारा 8/15 NDPS एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। आरोपी से पूछताछ कर डोडाचूरा तस्करी के नेटवर्क और स्त्रोतों की जानकारी जुटाई जाएगी।

**वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई**

पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री विनोद कुमार मीणा (भा.पु.से.) के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ श्रीमती हेमलता कूरील एवं एसडीओपी सीतामऊ श्री दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शामगढ़ निरीक्षक धर्मेंद्र शिवहरे के नेतृत्व में यह कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न की गई।

**पुलिस टीम का योगदान**

इस कार्रवाई में निरीक्षक धर्मेंद्र शिवहरे, उनि अविनाश कुमार सोनी, प्रआर दिलीप सिंह, प्रआर धनपाल जाट, आर. मनीष बनोधा, आर. श्रीकृष्ण सिकरवार एवं आर. विष्णु परिहार की सराहनीय भूमिका रही।

## शामगढ़ की बिटिया दीपशिखा कुँवर झाला का गृह मंत्रालय में एडिटर पद पर चयन, वार्डवासियों ने किया सम्मान



**यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़**

शामगढ़। नगर के वार्ड 14 रिटायर्ड कॉलोनी की 22 वर्षीय प्रतिभाशाली बालिका दीपशिखा कुँवर झाला सुपुत्री अमरसिंह झाला ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दीपशिखा का हाल ही में गृह मंत्रालय में एडिटर की पोस्ट पर चयन हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे वार्ड सहित नगर में हर्ष और गर्व का माहौल है। दीपशिखा के सम्मान में मंगलवार को वार्डवासियों, भाजपा नेता एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके निवास पर पहुँचकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अंकित यादव, वार्ड पार्षद सिंटू धामुनिया, अवधेश मिश्रा, प्रेम मीणा, सुनील त्रिवेदी, सुनील पँवार, अशोक मीणा, बलदेव बनोधा, श्यामसुन्दर सक्सेना, मुकेश चौधरी सहित अनेक वार्डवासी मौजूद रहे। सभी ने दीपशिखा को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान वार्डवासियों ने कहा कि दीपशिखा की इस सफलता ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।

### मंदसौर में छेड़छाड़ का आरोपी बोला- शिकायत झूठी

# भाजपा नेता ने एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग की; महिला ने लगाए थे गंभीर आरोप

**यशस्वी दुनिया ⊙मंदसौर**

मंदसौर। जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र में एक महिला ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवतीलाल सुरावत पर छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, वहीं आरोपी नेता ने इसे पूरी तरह से झूठा और साजिश करार दिया है। मंगलवार को सुरावत भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ एसपी विनोद कुमार मीणा से मिलने पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। सुरावत का कहना है कि महिला अपराधी प्रवृत्ति की है और पहले भी कई लोगों पर झूठे केस दर्ज करवा चुकी है।

**बाथरूम में घुसकर छेड़छाड़ का आरोप**

बता दें कि, एक दिन पहले महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि सुरावत ने उसके बाथरूम में घुसकर छेड़छाड़ की। महिला का आरोप है कि यह हरकत जानबूझकर की गई और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

**आरोपों को बताया साजिश, वीडियो जारी कर दी सफाई**

एफआईआर दर्ज होने के बाद भगवतीलाल सुरावत ने एक वीडियो जारी कर अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया था। उन्होंने कहा, यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। सीमांकन की प्रक्रिया चल रही थी, उसी को भटकाने और मुझे बदनाम करने के लिए यह झूठा आरोप लगाया गया है।

**भाजपा नेताओं के साथ एसपी से मिले**

इसके बाद मंगलवार को सुरावत भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ एसपी विनोद कुमार मीणा से मिलने पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। सुरावत का कहना है कि महिला अपराधी प्रवृत्ति की है और पहले भी कई लोगों पर झूठे केस दर्ज करवा चुकी है।



**एसपी बोले- दोनों पक्षों के तथ्यों के आधार पर होगी जांच**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने बताया कि एफआईआर महिला की शिकायत पर दर्ज की गई है। आरोपी ने भी कुछ दस्तावेज और वीडियो साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं, जिसमें जमीन विवाद और सीमांकन की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि सभी तथ्यों को विवेचना में शामिल किया जाएगा और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी को चिह्नित किया जाएगा।

**भाजपा जिलाध्यक्ष बोले- पुलिस करे निष्पक्ष जांच**

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है। उनका कहना है कि महिला द्वारा झूठा मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस को निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लानी चाहिए।

**सीतामऊ एसडीओपी दिनेश प्रजापति ने बताया**

महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं है। जांच तथ्यों के आधार पर की जा रही है।

# संपादकीय

## भारत की 'क्रिकेट' विजय

भारत-पाकिस्तान के बीच गत रात्रि दुबई में हुए टी-20 क्रिकेट में जिन रोमांचक परिस्थितियों में भारत ने यह मैच पांच विकेट से जीता उससे भारतीय खिलाड़ियों के खेल कौशल का पता चलता है परन्तु इसे लेकर भारत के भीतर जो राजनीति हो रही है उसे हम गंभीरता से नहीं ले सकते हैं। क्रिकेट भी निश्चित रूप से एक खेल है और किसी खेल में जब दो टीमें खेलती हैं तो उनमें से एक हारती या जीतती है। जीतती वही टीम है जिसमें खेल कौशल अद्भुत होता है। क्रिकेट के साथ कोई भी अन्य टीम स्पर्धात्मक खेल केवल टीम भावना से ही जीता जा सकता है। भारत के गेंदबाजों व बल्लेबाजों ने पाकिस्तान के मुकाबले हर मुकाम पर बेहतर प्रदर्शन किया अतः उसकी टीम विजयी रही। निश्चित रूप से अन्तर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में किसी भी देश का सम्मान दांव पर रहता है। विशेषकर जब किसी भी खेल प्रतियोगिता में भारत व पाकिस्तान भिड़ते हैं तो आम भारतीय की रुची इसमें बहुत बढ़ जाती है। इसकी वजह केवल यही नहीं है कि पाकिस्तान का जन्म भारत से टूट कर 1947 में हुआ, बल्कि इसके पीछे मूल कारण पाकिस्तान का भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया है। अपने जन्म से लेकर आज तक पाकिस्तान भारत को अपना दुश्मन मानता आया है जबकि भारत का नजरिया ऐसा कभी नहीं रहा और इसने हमेशा कहा कि एक स्थिर और शान्त पाकिस्तान इस भारतीय उपमहाद्वीप के हित में है। भारत चाहता है कि पाकिस्तान अपनी गुरबत की समस्या का हल इस क्षेत्र में शान्ति रख कर करे मगर उसने जो रास्ता चुना वह दहशतगर्दी और बद इन्तजामी का है जिससे पाकिस्तान आज बुरी तरह त्रस्त है। जहां तक खेलों का सवाल है तो पहले हाकी मैचों में हमें यह देखने को मिलता था। आजादी के पहले से ही भारत हाकी का विश्व चैम्पियन था। मगर 1960 में पहली बार ओलम्पिक खेलों में भारत को पाकिस्तान ने हराकर स्वर्ण पदक जीता था और भारत के हिस्से में रजत पदक आया था। इसके बाद से भारत हाकी के खेल में अपना दबदबा कायम रखने में कभी सफल रहा और कभी असफल। भारत-पाकिस्तान के बीच तीन युद्ध हुए मगर खेलों की अन्तर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में दोनों देशों की टीमें भाग लेती रहीं और एक-दूसरे के खिलाफ खेलती भी रहीं। मगर विगत अप्रैल महीने में जम्मू-कश्मीर राज्य के पहलगाम शहर के निकट पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह 26 भारतीय पर्यटकों को उनका मजहब पूछ-पूछकर हलाक किया उससे पूरा देश गुस्से में था और पाकिस्तान को करारा सबक सिखाने के हक में था। इसका जवाब भारत ने मई महीने में सैनिक आपरेशन सिन्दूर चला कर किया और पाकिस्तान के लगभग एक दर्जन सैनिक अड्डों को तबाह कर डाला। भारत सरकार कह रही है कि यह आपरेशन सिन्दूर पूरी तरह बन्द नहीं हुआ है और अभी भी चालू है।

इस आपरेशन के चलते जब क्रिकेट के एशिया कप टूर्नामेंट के शुरू होने की बात सामने आयी तो भारत के अधिकतम लोगों ने राय व्यक्त की कि भारत को पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच नहीं खेलना चाहिए और उसका बहिष्कार करना चाहिए परन्तु अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट संघ का सदस्य होने की वजह से भारत का ऐसा करना मुमकिन नहीं हुआ और उसने पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट मैच खेले। कुछ विपक्षी दल दलील दे रहे थे, विशेष कर महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे शिव सेना कि भारत उस पाकिस्तान के खिलाफ किस प्रकार क्रिकेट मैच खेल सकता है जिसके आतंकवादियों ने 26 निरीह भारतीय नागरिकों का कत्ल किया हो? और जिसके खिलाफ आपरेशन सिन्दूर अभी तक चालू हो। यह दलील भारत के कुछ लोगों को तर्क संगत भी लगी और उन्होंने इसका खुलकर समर्थन भी किया परन्तु एक जिम्मेदार राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के तौर पर भारत के खिलाड़ियों ने एशिया कप में भाग लेना उचित समझा। ऐसा करके उन्होंने भारत के सम्मान पर कोई चोट नहीं पहुंचाई, बल्कि अपने क्रिकेट कौशल पर भरोसा ही जताया।

# मल्हारगढ़ में अंतर्राज्यीय चोर गिरोह गिरफ्तार-ज्वेलरी दुकान से चोरी की पायजेब बरामद, 5 आरोपी पकड़े गए

मंदसौर। जिले की मल्हारगढ़ पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन महिलाओं और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। मामला 28 सितंबर 2025 शाम का है जब मल्हारगढ़ निवासी तुषार सोनी ने मल्हारगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी शिवम ज्वैलर्स की दुकान से तीन अज्ञात महिलाओं ने चांदी की दो जोड़ी पायजेब चुरा ली गई है। इस संबंध में थाना मल्हारगढ़ में अपराध क्रमांक 252/2025, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्य तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर 29 सितंबर 2025 को आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



### यहां के रहने वाले हैं आरोपी

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कोटा, राजस्थान के बरजलिया निवासी प्रीति पति गोलु बागरी (20), कल्याणपुरा निवासी प्रियंका पति धीरज बागरी (24) और दरबीजी निवासी मीना पति सुरेन्द्र उर्फ सुनिल बागरी (20) शामिल हैं। पुरुषों में बरजलिया निवासी गोलु पिता घनश्याम बागरी (20) और दरबीजी निवासी सुरेन्द्र उर्फ सुनिल पिता राजु उर्फ राजेन्द्र बागरी (20) शामिल हैं। एडिशनल एसपी टी एस बघेल ने भास्कर को बताया कि पुलिसिया पूछताछ के दौरान आरोपियों ने शिवम ज्वैलर्स से दो जोड़ी चांदी की पायजेब चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई दो जोड़ी पायजेब और घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें जब्त की हैं।


ट्रेवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान










डेयरी
संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही





आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।
L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268






प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड



हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।






चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ. विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेंगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक



# नीमच- सीमेंट फैक्ट्री में 3 माह से वेतन बकाया-मजदूरों ने गेट के सामने किया प्रदर्शन, प्रबंधन पर धमकी का आरोप

नीमच । जिले की विक्रम और अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्रियों में मजदूरों ने बकाया वेतन को लेकर प्रदर्शन किया। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें पिछले दो-तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने प्रबंधन पर धमकी देने और डराने का भी आरोप लगाया। सोमवार को विक्रम सीमेंट फैक्ट्री के गेट पर मजदूरों ने हंगामा किया। उनका कहना है कि ठेकेदार तांबी एंटरप्राइज और कंपनी प्रबंधन बार-बार मांग के बावजूद कोई ठोस जवाब नहीं दे रहे हैं। मजदूरों ने नारेबाजी की और काम बंद करने की चेतावनी दी, यह कहते हुए कि वेतन मिलने तक वे ड्यूटी पर नहीं लौटेंगे।



मजदूर शिव शंकर गुप्ता ने आरोप लगाया कि ठेकेदार और कंपनी कर्मचारियों पर दबाव बनाने के लिए अपनी शक्ति और पुलिस का डर दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वेतन मांगने पर फैक्ट्री प्रबंधन ने उन्हें धमकाया और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए उन पर वाहन चलाने का प्रयास किया।

सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। जावद थाना प्रभारी और एसडीओपी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर मौजूद मजदूरों से बातचीत की और मामले की पूरी जांच तथा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी बीच, अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के गेट पर भी मजदूरों ने हड़ताल कर गेट बंद कर दिया। यहां भी मजदूरों का कहना है कि उन्हें तीन महीने से वेतन नहीं मिला और ठेकेदार काम पूरा कर भाग गया। अल्ट्राटेक में कंपनी प्रबंधन और मजदूरों के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। मजदूरों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन ने उन्हें लगातार धमकाया,जिससे तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई।मजदूरों का कहना है कि वे अपने हक के लिए संघर्ष जारी रखेंगे और जब तक उनका बकाया वेतन नहीं मिलेगा,तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। विक्रम फैक्ट्री के एडमिन मनीष दीक्षित ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा लेबर का पेमेंट किया जाना था ठेकेदार के द्वारा लेबर का पेमेंट क्यों नहीं किया गया इसको लेकर हमारे द्वारा ठेकेदार से बातचीत की जा रही है सभी मजदूरों को जल्द पेमेंट दिलाया जाएगा। यदि ठेकेदार के द्वारा पेमेंट नहीं दिया जाता है तो हमारे एग्रीमेंट के अनुसार पेमेंट किया जाएगा।


सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
अब आपके शहर शामगढ़ में सुप्रसिद्ध हड्डी व शिशु रोग विशेषज्ञ
नि:शुल्क परामर्श शिविर- दि. 29-12-2024 हड्डी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक रविवार दोपहर 12 से 3 बजे तक
डॉ.आकाश मीणा (हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ) M.B.B.S, M.S., Orthopaedic Surgeon
हड्डी रोग
डॉ.भारद्वाज MBBS, DCH शिशु रोग विशेषज्ञ
कम्प्यूटराईज्ड लेब | ICU | ECG | मेडिकल | एंबुलेंस | ए.सी. ऑपरेशन थियेटर
सोनोग्राफी एवं स्त्री रोग संबंधित सभी ऑपरेशन अनुभवी
डॉ.अंजली (प्रसुति रोग विशेषज्ञ) MBBS, DGO (OBS GYNIC)
अपनी सेवाएं सरदार पटेल हॉस्पिटल में नियमित रूप से देगें।
24/7 Emergency Services
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें -07425-299214,9630656214
पता- 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल,शामगढ़ जि.मन्दसौर (म.प्र.) कोड नं.-458883



शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दूध, घर से घर तक
Amul DOODH
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़



NOBLE Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally Accounting Course only 45 Days
संचालक राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh



गोपाल पटेल 9826055169 | अर्जुन पटेल 9981235380 | गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगोरिया रोड़ शामगढ़


# शामगढ़ रेलवे स्टेशन से गुजरेंगी पुणे-हजरत निजामुद्दीन द्विसाप्ताहिक एसी स्पेशल ट्रेन

रतलाम, 29 सितंबर। आगामी त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों में अतिरिक्त यात्रियों को समायोजित करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर पुणे-हजरत निजामुद्दीन द्विसाप्ताहिक एसी स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। इस गाड़ी संख्या 01493/01494 की ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल 12-12 फेरे भरेगी।

पुणे से हजरत निजामुद्दीन के लिए गाड़ी संख्या 01493, 06 अक्टूबर से 13 नवंबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन पुणे से हर सोमवार और गुरुवार 17.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.00 बजे हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसी ट्रेन का रतलाम स्टेशन पर आगमन मंगलवार और शुक्रवार सुबह 07.15 बजे होगा, जबकि प्रस्थान समय 07.20 बजे निर्धारित किया गया है।

वापसी में गाड़ी संख्या 01494 हजरत निजामुद्दीन से पुणे के लिए 07 अक्टूबर से 14 नवंबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन हजरत निजामुद्दीन से हर मंगलवार और शुक्रवार रात 21.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23.55 बजे पुणे रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। रतलाम स्टेशन पर इस ट्रेन का आगमन बुधवार और शनिवार 10.10 बजे एवं प्रस्थान 10.13 बजे होगा।

**शामगढ़ स्टेशन पर ठहराव**

इस ट्रेन का शमगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव भी होगा, जिससे स्थानीय यात्रियों के लिए पुणे एवं दिल्ली की दिशा में यात्रा करना आसान होगा। इसके अतिरिक्त, ट्रेन लोनावाला, कल्याण, भिवंडी, बोईसर, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, भवानीमंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर एवं मथुरा रेलवे स्टेशनों पर भी रुकेगी।

ट्रेन एलएचबी रेक से चलेगी जिसमें थर्ड एसी के कुल 16 कोच होंगे। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे ट्रेन के ठहराव, संरचना और समय की विस्तृत जानकारी के लिए भारतीय रेल की आधिकारिक वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in , रेल मदद ऐप या 139 रेल मदद नंबर का उपयोग करें। शामगढ़ रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली यह विशेष ट्रेन त्योहारों के दौरान यात्रियों के लिए राहत और सुविधा का एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# शामगढ़ और सुवासरा पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, अवैध शराब माफियाओं पर कसा शिकंजा - दर्जनों लीटर शराब जब्त, कई आरोपी सलाखों के पीछे

यशस्वी दुनिया ⊙सुवासरा

शामगढ़/सुवासरा। जिले में अवैध शराब कारोबार पर पुलिस ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार शामगढ़ और सुवासरा पुलिस शराब माफियाओं के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान चलाकर उन्हें सलाखों के पीछे भेज रही है। इस दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में कच्ची हाथ भट्टी की शराब और देशी-अंग्रेजी शराब जब्त करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है।




## सुवासरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

सुवासरा थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति के नेतृत्व में पुलिस ने एक के बाद एक दबिशें देकर कई तस्करों को धर दबोचा।

जमुनिया गांव फंटा यात्री प्रतीक्षालय से पुलिस ने राहुल पिता प्रभुलाल उम्र 24 वर्ष निवासी सरस्वती शिशु मंदिर के पास, सुवासरा और गोपाल पिता मोहनलाल शर्मा उम्र 59 वर्ष निवासी देवरिया किलोल, थाना गंगाधर को अवैध शराब परिवहन करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की शराब जब्त की गई। दोनों के खिलाफ 49(ए) आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार आम रोड यात्री प्रतीक्षालय ढाबला महेश के सामने से भुवान सिंह पिता विजय सिंह और अर्जुन पिता जगदीश कुमावत निवासी सुवासरा से भी 10 लीटर हाथ भट्टी की शराब जब्त की गई। इनके खिलाफ भी आबकारी अधिनियम की धारा 49 (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा एक और अन्य मामले में सुवासरा से गोविंद पिता रतनलाल बलाई निवासी देवरिया विजय और राजेंद्र सिंह पिता गोवर्धन सिंह देवड़ा निवासी सुवासरा से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने एक और कार्रवाई में बसई-सुवासरा रोड स्थित वेयरहाउस के पास से तस्करों को दबोच लिया। यहां से पुलिस ने 16 पेटी देशी प्लेन शराब जब्त की। इसमें शामिल आरोपी लाल सिंह पिता मनी मोती सिंह, गोविंद सिंह पिता कालू सिंह और विक्रम सिंह निवासी सुवासरा बताए जा रहे हैं। गौरतलब है कि इसके पूर्व भी सुवासरा पुलिस ने 88 लीटर शराब बरामद की थी, जिसमें एक आरोपी गिरफ्तार किया गया था एवं दूसरा आरोपी बबलू उर्फ राजेश प्रजापति शामगढ़ का एक आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है।

## शामगढ़ पुलिस की दबिश

उधर, शामगढ़ थाना प्रभारी धर्मेंद्र शिवहरे के नेतृत्व में भी अवैध शराब कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की गई। सोमवार रात्रि करीब 8–42 बजे पुलिस ने डोनीपोलो फैक्ट्री के पास दबिश दी और रिंकू पिता बंशीलाल प्रजापति उम्र 32 वर्ष निवासी खेड़ापति हनुमान मंदिर, शामगढ़ को अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन करते हुए पकड़ लिया। आरोपी की ब्रेजा कार क्रमांक M P 09 W E 2153 से पुलिस ने 24 हाफ बोतल रॉयल चैलेंजर अंग्रेजी शराब और कुल 8 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। आरोपी पर 34 आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## पुलिस का सख्त संदेश

पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध शराब कारोबार करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। शामगढ़ और सुवासरा थाना पुलिस की यह संयुक्त सख्ती अब शराब माफियाओं की कमर तोड़ रही है। लगातार हो रही इन कार्यवाहियों से साफ है कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ पुलिस का अभियान और भी तेज होगा और हर हाल में उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# मंदसौर कांग्रेस कार्यालय में महिलाओं के संघर्ष पर फोटो प्रदर्शनी-पूर्व सांसद ने किया उद्घाटन; बोलीं- महिलाओं ने कभी मातृसत्ता की कल्पना नहीं की

मंदसौर। जला कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को %महिलाओं के संघर्ष और योगदान विषय पर एक फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

प्रदर्शनी में संविधान सभा की 15 निर्वाचित महिला सदस्यों और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को दर्शाया गया। इसमें देश व समाज के लिए संघर्ष करने वाली अन्य महिलाओं के कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया था। जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, महिलाओं और आम नागरिकों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अपने संबोधन में मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए लंबा संघर्ष किया है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और सावित्री बाई फुले जैसे महान व्यक्तित्वों का उल्लेख किया। नटराजन ने जोर देकर कहा कि महिलाओं ने दृढ़ संकल्प के साथ हर चुनौती का सामना किया है। उन्होंने कहा, ÷पितृसत्ता के कारण महिलाओं को उनका हक नहीं मिला, लेकिन महिलाओं ने कभी मातृसत्ता की कल्पना नहीं की। वे केवल बराबरी का हक चाहती हैं।÷ नटराजन ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा पंचायती राज में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने के निर्णय की सराहना की, जिससे सत्ता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। पूर्व सांसद ने यह भी बताया कि आज महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर पुरुष-प्रधान समाज में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, भारत सिंह दीपाखेड़ा और महिला कांग्रेस अध्यक्ष रूपल संचेती सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी परशुराम सिसोदिया, सोमिल नाहटा, राजेश सिंह रघुवंशी, सुवासरा विधानसभा से प्रत्याशी रहे राकेश पाटीदार, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीत सिंह टुटेजा, माजिद चौधरी, दीपक सिंह गुर्जर, ललित चंदेल, संदीप सलोद, अनीस मंसूरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद



हनीफ शेख, नगर पालिका में विपक्ष की नेता रफत पयामी, पूर्व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष युनुस मेव, प्रीतिपाल सिंह राणा और निर्विकार रातड़िया भी मौजूद रहे।




समस्या अनेक समाधान एक
अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर
ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD
आपके लिए लाया है
GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation
की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...
ONEDESK BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD.
पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001
Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

SEBI Reg. 2100274304
17 वर्षों से आपकी सेवा में
THE MONEY MAKER
INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES
NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized
हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं।
संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306